# न्यायालय कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, उदयपुर (राज.)

**पीठासीन अधिकारी – नमित मेहता (आई.ए.एस.)**

प्रकरण संख्याः **57/2025** (सरफैसी)

**ओरिक्स लीजिंग एडं फाइनेसियल सर्विसेज इंडिया लिमिटेड** प्रधान कार्यालय प्लाट नं. 94, मरोल को–ऑपरेटिव इंडिस्ट्रियल एस्टेट, अन्धेरी कुर्ला रोड, अंधेरी (ईस्ट), मुम्बई,

**...........प्रार्थी**

**बनाम**

**1. लीला सिंघवी**

ऑफिस न. 334,335,336,337,338, 3rd फ्लोर, समृद्धि काम्प्लेक्स प्लॉट न. 137 से 140 एवं 170 से 174, opp. कृषि उपज मण्डी, उदयपुर, राजस्थान 313001

एव पता– 5 डी, शिव पार्क कॉलोनी, दुर्गा नर्सरी रोड, गिर्वा, शास्त्री सर्कल, उदयपुर राजस्थान 313001

**2. महेन्द्र कुमार सिंघवी**

ऑफिस न. 334,335,336,337,338, 3rd फ्लोर, समृद्धि काम्प्लेक्स प्लॉट न. 137 से 140 एवं 170 से 174, opp- कृषि उपज मण्डी, उदयपुर, राजस्थान 313001

एव पता– 5 डी, शिव पार्क कॉलोनी, दुर्गा नर्सरी रोड, गिर्वा, शास्त्री सर्कल, उदयपुर राजस्थान 313001

**...........ऋणी/अप्रार्थीगण**

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा–14 सिक्योरिटाईजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनेन्सियल एसेट्स एण्ड एनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इन्ट्रेस्ट, 2002

न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट उदयपुर (राज.)

## आदेश

दिनांकः– 27/8/25

प्राधिकृत अधिकारी, **ओरिक्स लीजिंग एडं फाइनेसियल सर्विसेज इंडिया लिमिटेड** द्वारा वित्तीय आस्तियो का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम–2002 SARFAESI Act 2002 की धारा–14 के तहत यह प्रार्थना–पत्र जरिये **प्रतिनिधि/अधिवक्ता श्री यशवर्धन सिह ने लीला सिंघवी/महेन्द्र कुमार सिंघवी** के विरूद्ध प्रस्तुत कर, उक्त अधिनियम के अन्तर्गत ऋण के समय रखी गयी गिरवी सम्पत्ति का कब्जा लेने हेतु इस न्यायालय से अनुरोध किया है।

कम्पनी के उपस्थित अधिवक्ता/प्रतिनिधि ने प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यों को दोहराते हुए यह बताया कि अप्रार्थी/ऋणी को बैक/कम्पनी द्वारा कुल **1,65,00,000/– एवं 25,00,000/– (कुल एक करोड नब्बे लाख रूपये) का ऋण** स्वीकृत किया गया। इस ऋण की एवज में निम्न जायदाद/सम्पत्ति बैंक के पास गिरवी रखी गयी है जिसका विवरण निम्नानुसार है –

**1.बंधक सम्पत्तिः– (All that piece and parcel of Office No. 334 & 335 (Without Roof Right), Admeasuring Area 525 SQ. FT., 3rd Floor, Samridhi Complex, Situated at Plot no. 137 to 140 & 170 to 174, Opp. Krishi Upaj mandi, dist. Udaipur, Rajasthan-313001 and Bounded -: East- Road 40 Ft Wide, West- Office No. 336, North- Passage 8 Fit wide, south- Road 100 Ft wide & 15 Fit footpath)**

**2.बंधक सम्पत्तिः– (All that piece and parcel of Office No. 336, 337 & 338 (Without Roof Right), Admeasuring Area 891 SQ. FT., 3rd Floor, Samridhi Complex, Situated at Plot no. 137 to 140 & 170 to 174, Opp. Krishi Upaj mandi, dist. Udaipur, Rajasthan-313001 and Bounded -: East- Office No. 334- 335, West- Office No. 339, North- Passage 8 Fit wide, south- Road 100 Ft wide & 15 Fit footpath)**

चूंकि ऋणी अप्रार्थी **लीला सिंघवी/महेन्द्र कुमार सिंघवी** के द्वारा बैंक/कम्पनी से प्राप्त किये गये ऋण के पेटे प्रार्थी के पक्ष में ऋणी एवं जमानतियों द्वारा गारंटी, करार एवं दस्तावेजो पर अपने हस्ताक्षर कर इसे निष्पादित कर दिये गये थे, परन्तु उक्त ऋणी द्वारा बैंक से प्राप्त की गयी ऋण राशि का भुगतान नहीं किये जाने से ऋणी के ऋण खाते को **दिनांक 5.06.2024** को एन.पी.ए. (Non Performing Asset) घोषित किया गया।

जिला कलक्टर
उदयपुर

